आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर में दागी गई आठ मिसाइलों को देश के एयर डिफेंस सिस्टम ने किया ब्लॉक, सैन्य ठिकानों पर भी पाकिस्तानी हमले के प्रयास विफल।
- नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की गोलीबारी में सोलह लोगों की मौत, भारतीय सेना मजबूती से दे रही है जवाब।
- ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश सचिव ने कहा –पाकिस्तान में केवल आतंकी ढांचे को पहुंचाया गया नुकसान, पाकिस्तान द्वारा की गई आगे की कार्रवाई से बढ़ेगा तनाव, उचित तरीके से दिया जाएगा जवाब।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों की साहस और वीरता को सराहा, कहा उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का किया गया इस्तेमाल।
- कड़ी सुरक्षा के बीच सामान्य तौर पर संचालित हो रहे हैं एयरपोर्ट, नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने जारी किये नये दिशा निर्देश।

**********

पाकिस्तान द्वारा कल जम्मू कश्मीर में आठ मिसाइलें दागी गईं जिन्हें भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने रोक दिया और ब्लॉक कर दिया। साथ ही पाकिस्तान द्वारा देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में कई सैन्य ठिकानों पर हमले का प्रयास किया गया जिसे भारतीय सशस्त्र बलों ने नाकाम कर दिया। नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की गोलीबारी जारी है, जिसका भारतीय सेना पूरी मजबूती से जवाब दे रही है।

पाकिस्तान की ओर से कल जम्मू–कश्मीर के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया में आठ मिसाइलें दागी गईं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक जम्मू, पठानकोट और उधमपुर के सैन्य ठिकानों को पाकिस्तान ने मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल करके निशाना बनाया। भारतीय सशस्त्र बलों ने एसओपी के अनुसार इन सभी हमलों को बेअसर कर दिया।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि पश्चिमी सीमा पर कई स्थानों पर ड्रोन देखे गए और पुष्टि की गई कि वे शत्रुतापूर्ण हैं। भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा इनका प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा रहा है।

भारतीय सशस्त्र बलों ने भी कल सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्प्रभावी किया गया। मंत्रालय ने बताया कि भारत की कार्रवाई पाकिस्तान के समान ही तीव्रता के साथ उसी क्षेत्र में रही है।

इस बीच, रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में नियंत्रण रेखा के पास अकारण गोलीबारी तेज कर दी है। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी गोलीबारी में सोलह लोगों की जान चली गई। भारत ने समुचित जवाबी कार्रवाई की है।

**********

भारत ने इस बात को स्पष्ट किया है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बाईस अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला मूल रूप से तनाव बढ़ाने वाला था और भारत केवल इसका जवाब दे रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कल नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत का इरादा मामले को बढ़ाने का नहीं है और पाकिस्तान में केवल आतंकी ढांचे को नुकसान पहुंचाया गया है।

श्री मिस्री ने कहा कि वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में पाकिस्तान की छवि दुनिया भर में हुए विभिन्न आतंकवादी हमलों से उजागर होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान द्वारा की गई कोई भी आगे की कार्रवाई तनाव बढ़ाने के अलावा कुछ नहीं है और इसका उचित तरीके से जवाब दिया जाएगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और मंत्रालयों के बीच समन्वय को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों को अपने कार्यों की व्यापक समीक्षा करने और आवश्यक प्रणालियों का पूरी तरह सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री ने बैठक में मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों की योजना और तैयारी की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने, गलत सूचना**

**और फर्जी खबरों का मुकाबला करने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह, विदेश, सूचना तथा प्रसारण, बिजली, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिव शामिल रहे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

सरकार ने ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को, पाकिस्तान की वेब–सीरीज, फिल्में और अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा हित का हवाला देते हुए इस बारे में परामर्श जारी किया है। एक रिपोर्ट–

**भारत में तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान की वेब सीरीज फिल्मी गाने पॉडकास्ट और अन्य स्ट्रीमिंग मीडिया कंटेंट को बंद कर दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मध्य नजर राष्ट्रीय सुरक्षा के हित का हवाला देते हुए ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों के साथ–साथ भारत में काम करने वाली इंटरमीडिएटरी को सलाह जारी की। मंत्रालय ने सभी तरह के पाकिस्तानी मीडिया सामग्री की स्ट्रीमिंग को रोकने को कहा है। अनुपम मिश्रा के साथ पल्लवी परमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

ऑपरेशन सिंदूर पर कल बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया । रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए।

**********

भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया है, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी। नई दिल्ली में कल एक कार्यक्रम में उन्होंने देश के सशस्त्र बलों को साहस और वीरता के साथ कार्रवाई करने के लिए बधाई दी।

**जिस प्रेसीजन के साथ यानि जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन सिंदूर एग्जीक्यूट किया गया वह अनइमेजिनेबल है, बहुत ही सराहनीय है जिसमें 9 टेरिरस्ट कैंप्स तबाह हुए। और अच्छी खासी संख्या में आतंकी मारे गए। जिस तरह से इस आप्रेशन को किसी भी इनोसंट को नुकसान पहुंचाए बिना मिनिमम कोलेटरल डैमेज के साथ अंजाम दिया गया। वो इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारे फारम्बलेडेबल एंड प्रोफेशनली ट्रेंड आर्म फोर्सस के पास इक्यूप्मेंट भी हाई क्वालिटी के थे।**

**********

पाकिस्तानी हैंडल्स द्वारा कई प्रकार के भ्रामक वीडियोज और सूचनाओं का सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सरकार ने ऐसी सामग्री से सतर्क रहने को कहा है। एक रिपोर्ट–

**सरकार की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि अगर भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से जुड़ी कोई संदिग्ध जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को जरूर दें। ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नंबर आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ और ईमेल आईडी सोशल मीडिया एट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट इन पर साझा कर सकते हैं। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक**

**********

सरकार ने इस सूचना का खंडन किया है कि देश के सभी हवाई अड्डों पर प्रवेश प्रतिबंधित है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा के चलते कुछ विमानों पर असर जरूर पड़ा है, लेकिन दिल्ली समेत देश के कई एयरपोर्ट सामान्य तौर पर संचालित है। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से किशनगढ़, भुंतर और लुधियाना हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इससे पहले राजस्थान, पंजाब, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में हवाई अड्डों पर परिचालन बंद कर दिया गया था।

इस बीच, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो बीसीएएस के नए दिशानिर्देशों के अनुसार, अब हर यात्री को उड़ान में सवार होने से पहले सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेक एसएलपीसी से गुजरना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया बोर्डिंग गेट पर अंतिम जांच सुनिश्चित करती है ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। साथ ही, हवाई अड्डों के टर्मिनल भवनों में विजिटर्स के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

**********